SUNDAY | 19.04.2026 | वैशाख शुक्ल द्वितीया विक्रम संवत 2083

उत्तर प्रदेश

अमर उजाला

वर्ष 58 : अंक 91 बरेली • 6 राज्य • 2 केंद्रशासित प्रदेश • 22 संस्करण

PAGE NO : 02 MIDDLE

विविध

- **क्रिकेट** : भोजीपुर स्थित एसआरएमएस मैदान पर इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट सुबह 8 बजे से।

PAGE NO : 10 MIDDLE

एसआर इंटरनेशनल और विद्या वर्ल्ड ने जीते मुकाबले

श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट के चौथे दिन हुए दो मुकाबले

संवाद न्यूज एजेंसी

बरेली। श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट के चौथे दिन शनिवार को दो रोमांचक मुकाबले खेले गए। शनिवार को एसआर इंटरनेशनल ने सेक्रेड हार्ट्स को 17 रन से हराया। विद्या वर्ल्ड स्कूल ने हरित पब्लिक स्कूल को 171 रन के बड़े अंतर से पराजित किया।

पहले मैच में एसआर इंटरनेशनल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 160 रन बनाए। अभिमन्यु श्रीवास्तव ने 33, शौर्य ने 32 और अर्णव यादव ने 25 रन का योगदान दिया। जवाब में सेक्रेड हार्ट्स की टीम नौ विकेट खोकर 143 रन ही बना सकी। सेक्रेड हार्ट्स के लिए जॉनसन ने 52 और अभिनव ने 36 रन बनाए।

दूसरे मैच में विद्या वर्ल्ड स्कूल ने टॉस जीतकर आठ विकेट पर 234 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। अभय सक्सेना ने 41, लकी चौधरी ने 34 और कप्तान अभिमन्यु ने 46 रन की पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करते हुए हरित पब्लिक स्कूल की पूरी टीम 11.1 ओवर में 63 रन पर सिमट गई।

पांशुल व शिवांग बने मैन ऑफ द मैच : एसआर इंटरनेशनल के पांशुल ने बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उन्होंने 12 रन बनाने के साथ 23 रन देकर छह महत्वपूर्ण विकेट भी झटके। पांशुल को मैन ऑफ द मैच चुना गया। विद्या वर्ल्ड के शिवांग मिश्रा ने अपनी घातक गेंदबाजी से हरित पब्लिक स्कूल की बल्लेबाजी को ध्वस्त कर दिया। शिवांग ने चार ओवर में मात्र 20 रन देकर सात बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा और मैन ऑफ द मैच बने।

विजेता टीम के खिलाड़ी को स्मृति चिह्न देकर किया गया सम्मानित। स्रोत : आयोजक